C

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 16 ]
Total No. of Printed Pages : 16 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 48 ]
Total No. of Questions : 48 ]

**CCE PF**
**CCE PR**
**NSR & NSPR**

Question Paper Serial No. **302**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 81-H**
**Code No. : 81-H**

**ವಿಷಯ : ಗಣಿತ**

# Subject : MATHEMATICS

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ/ Hindi Medium )**

**(ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ & ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. & ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)**

**( Private Fresh & Private Repeater / NSR & NSPR )**

ದಿನಾಂಕ : 04. 04. 2022 ] [ Date : 04. 04. 2022
ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ–1-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-45 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

### *परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :*

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 48 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों प्रत्येक के लिए चार विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प चुनकर पूर्ण उत्तर क्रमाक्षर सहित लिखें :** **8 × 1 = 8**

1. $x + 2y - 4 = 0$ तथा $2x + 4y - 12 = 0$ रेखाओं के युग्म का आलेखीय निरूपण है

   (A) प्रतिच्छेद रेखाएँ

   (B) समांतर रेखाएँ

   (C) संपाती रेखाएँ

   (D) लम्ब रेखाएँ ।

2. समांतर श्रेढ़ी 8, 5, 2, – 1, ... का सार्व अंतर है

   (A) – 3

   (B) – 2

   (C) 3

   (D) 8.

3. $2x^2 = x - 7$ का मानक रूप है

(A) $2x^2 - x = -7$

(B) $2x^2 + x - 7 = 0$

(C) $2x^2 - x + 7 = 0$

(D) $2x^2 + x + 7 = 0$

4. cos ( 90° – 30° ) का मान है

(A) – 1

(B) $\frac{1}{2}$

(C) 0

(D) 1

5. मूल बिन्दु ( origin ) से बिन्दु $P(x, y)$ की दूरी है

(A) $\sqrt{x^2 + y^2}$

(B) $x^2 + y^2$

(C) $x^2 - y^2$

(D) $\sqrt{x^2 - y^2}$

6. वृत्त में स्पर्श बिन्दु पर स्पर्श रेखा तथा त्रिज्या के बीच का कोण होता है


(A) 30°

(B) 60°

(C) 90°

(D) 180°

7. प्रदत्त चित्र में, शंकु के छिन्नक का आयतन है




(A) $\pi\,(r_1 + r_2)\,l$

(B) $\pi\,(r_1 - r_2)\,l$

(C) $\frac{1}{3}\pi h\,(r_1^2 - r_2^2 - r_1 r_2)$

(D) $\frac{1}{3}\pi h\,(r_1^2 + r_2^2 + r_1 r_2)$ ।

8. '$r$' इकाई त्रिज्या वाला किसी गोला का पृष्ठ क्षेत्रफल होगा

(A) $\pi r^2$ वर्ग एकक

(B) $2\pi r^2$ वर्ग एकक

(C) $3\pi r^2$ वर्ग एकक

(D) $4\pi r^2$ वर्ग एकक ।

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **8 × 1 = 8**

9. यदि दो चरों वाला रैखिक समीकरण युग्म असंगत हों, तो उनके कितने हल हो सकते हैं ?

10. यदि किसी समांतर श्रेढ़ी में प्रथम पद '$a$' हो तथा सार्व अंतर '$d$' हो, तो इसका $n$ वाँ पद क्या होगा ?

11. द्विघात समीकरण का मानक रूप लिखें ।


12. $\dfrac{\sin 18^\circ}{\cos 72^\circ}$ का मान बताएँ ।

13. $x$-अक्ष से बिन्दु ( 4, 3 ) की दूरी बताएँ ।

14. स्कोर 6, 4, 2, 10 तथा 7 के माध्यिका ज्ञात करें ।

15. "मौलिक आनुपातिकता" प्रमेय ( थेल्स प्रमेय ) का कथन लिखें ।

16. प्रदत्त चित्र में, शंकु के वक्रपृष्ठ क्षेत्रफल ज्ञात करने में प्रयुक्त सूत्र लिखें ।




**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **18 × 2 = 36**

17. प्रदत्त रैखिक समीकरण युग्म को विलोपन विधि द्वारा हल करें :

$2x + y = 8$

$x - y = 1$

18. समांतर श्रेढ़ी 5, 8, 11, ..... का 30 वां पद सूत्र का उपयोग कर ज्ञात करें ।

19. सूत्र का उपयोग कर समांतर श्रेढ़ी 10, 15, 20, .......... के प्रथम 20 पदों का योगफल ज्ञात करें ।

**अथवा**

सूत्र का उपयोग कर प्रथम 20 धनात्मक पूर्ण संख्याओं का योगफल ज्ञात करें ।

20. द्विघात सूत्र का उपयोग कर $x^2 + 5x + 2 = 0$ के मूल ज्ञात करें ।

21. द्विघात समीकरण $x^2 + 4x + 4 = 0$ का विविक्तकर मान ज्ञात कर मूलों की प्रकृति लिखें ।

22. दूरी के सूत्र का उपयोग कर बिन्दुएँ $A(2, 6)$ तथा $B(5, 10)$ के बीच की दूरी ज्ञात करें ।

**अथवा**

'मध्य-बिन्दु' सूत्र का उपयोग कर बिन्दुएँ $P(3, 4)$ तथा $Q(5, 6)$ को मिलाने वाला रेखाखंड के मध्य-बिन्दु का निर्देशांक ज्ञात करें ।


23. 10 सेमी लंबा रेखाखंड खींचकर ज्यामितीय रचना द्वारा इसे 2 : 3 अनुपात में विभाजित करें ।

24. प्रदत्त चित्र में

i) $\sin \theta$

ii) $\tan \alpha$


का मान ज्ञात करें ।



25. प्रदत्त चित्र में निम्न को पहचानें तथा नाम लिखें :

i) चाप

ii) वृत्त का छेदक रेखा ( secant ).





26. समांतर श्रेढ़ी क्या है ? इसका सामान्य रूप लिखें ।

27. 4 सेमी त्रिज्या वाले वृत्त पर स्पर्श रेखा का युग्म खींचें जो एक दूसरे से $60°$ के कोण पर आनत हैं ।


28. समीकरण $( x + 3 ) ( x - 4 ) = 0$ के मूल ज्ञात करें ।

29. यदि बिन्दु $P ( 0,\ y )$ बिन्दु $A ( 3, 0 )$ और $B ( 3,\ 2 )$ से समदूरस्थ हो, तो $y$ का मान ज्ञात करें ।

30. Δ $ABC$ में जैसे चित्र में दिखाया गया है, $EF \parallel BC$ है । यदि $AE$ = 1 सेमी, $BE$ = 2 सेमी तथा $AF$ = 2 सेमी तो $FC$ ज्ञात करें ।




31. △$ABC$ एक समद्विबाहु त्रिभुज है जिसका $C$ पर समकोण है । सिद्ध करें कि $AB^2 = 2\,AC^2$.




32. यदि $\tan A = \cot B$ , तो सिद्ध करें कि $A + B = 90°$

33. 4 सेमी भुजा वाले दो घन अंत्य से अंत्य तक जुड़े हुए हैं । प्राप्त षट्फलक (cuboid) का आयतन ज्ञात करें ।

34. 7 सेमी त्रिज्या वाले वृत्त के चतुर्थांश ( quadrant ) का क्षेत्रफल ज्ञात करें ।

[ $\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए ]

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **$9 \times 3 = 27$**

35. किसी समांतर श्रेढ़ी के प्रथम 9 पदों का योगफल 144 है तथा उसका 9 वाँ पद 28 है, तो उसका प्रथम पद तथा सार्व अंतर ज्ञात करें ।

36. किसी आयताकार खेत का विकर्ण उसकी छोटी भुजा से 60 मीटर अधिक है । यदि लंबी भुजा छोटी भुजा से 30 मीटर बड़ी हो तो खेत की भुजाएँ ज्ञात करें ।

**अथवा**

किसी समकोण त्रिभुज में कर्ण की लंबाई 13 सेमी है । शेष दो भुजाओं में एक भुजा की लंबाई दूसरी भुजा से 7 सेमी अधिक है । त्रिभुज की भुजाएँ ज्ञात करें ।

37. सिद्ध करें कि

$$(\sin A + \operatorname{cosec} A)^2 + (\cos A + \sec A)^2 = 7 + \tan^2 A + \cot^2 A$$

**अथवा**

सिद्ध करें कि $\sec\theta\,(1 - \sin\theta)\,(\sec\theta + \tan\theta) = 1$

38. बिन्दुएँ $A(-1,\ 7)$ तथा $B(4,\ -3)$ को मिलाने वाला रेखाखंड पर उस बिन्दु का निर्देशांक ज्ञात करें जो आंतरिकतः $AB$ को $2:3$ अनुपात में विभाजित करता है ।

**अथवा**

$P(0,\ 4)$, $Q(3,\ 0)$ तथा $R(3,\ 5)$ शीर्षों वाले त्रिभुज $PQR$ का क्षेत्रफल ज्ञात करें ।

39. निम्न सामुहिक आँकड़े का माध्य प्रत्यक्ष विधि द्वारा ज्ञात करें :

| **वर्ग-अंतराल** | **बारंबारता** |
|---|---|
| 10 — 20 | 2 |
| 20 — 30 | 3 |
| 30 — 40 | 5 |
| 40 — 50 | 7 |
| 50 — 60 | 3 |

**अथवा**

निम्न सामुहिक आँकड़े का बहुलक ज्ञात करें :

| **वर्ग-अंतराल** | **बारंबारता** |
|---|---|
| 5 — 15 | 3 |
| 15 — 25 | 4 |
| 25 — 35 | 8 |
| 35 — 45 | 7 |
| 45 — 55 | 3 |

40. किसी कक्षा के 50 विद्यार्थियों के मेडिकल चेक-अप के दौरान उनकी ऊँचाइयाँ निम्न जैसा रिकार्ड किये गये :

प्रदत्त आँकड़ा के लिए ''से कम प्रकार'' का ओजाइव बनायें :

| **ऊँचाई ( सेमी में )** | **विद्यार्थियों की संख्या ( संचयी बारंबारता )** |
|---|---|
| 140 से कम | 5 |
| 145 से कम | 10 |
| 150 से कम | 15 |
| 155 से कम | 25 |
| 160 से कम | 40 |
| 165 से कम | 50 |

41. ''किसी वृत्त पर बाह्य बिन्दु से खींची जाने वाली स्पर्श रेखाओं की लंबाइयाँ बराबर होती हैं ।'' सिद्ध करें ।

42. 3 सेमी त्रिज्या वाले वृत्त पर केन्द्र से 8 सेमी दूर स्थित किसी बिन्दु से दो स्पर्श रेखाएँ खींचें ।

43. एक ठोस लंब वृत्तीय बेलन का आयतन 2156 घन सेमी है । यदि बेलन की ऊँचाई 14 सेमी हो, तो वक्रपृष्ठ क्षेत्रफल ज्ञात करें ।

[ $\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए ]


**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये :** **$4 \times 4 = 16$**

44. प्रदत्त रैखिक समीकरण युग्म का हल आलेखीय विधि से हल करें :

$x + 2y = 6$


$x + y = 5$

45. किसी भवन के शीर्ष से किसी मीनार के पाद का उन्नयन कोण 30° है तथा भवन के पाद से मीनार के शीर्ष का उन्नयन कोण 60° है । मीनार तथा भवन भूमि के एक ही तल पर हैं । यदि मीनार की ऊँचाई 50 मीटर हो, तो भवन की ऊँचाई ज्ञात करें ।





**अथवा**

समुद्रतल से 75 मीटर ऊँचा एक लाइट हाउस के शीर्ष से दो जहाजों का अवनमन कोण 30° तथा 45° अवलोकित किया जाता है । यदि एक जहाज दूसरे जहाज के एक ही लाइट हाउस के पीछे तरफ हो, तो दोनों जहाजों के बीच की दूरी ज्ञात करें ।




46. 4·5 सेमी, 6 सेमी तथा 8 सेमी भुजाओं वाला एक त्रिभुज की रचना करें । फिर एक दूसरे त्रिभुज की रचना करें जिसकी भुजाएँ प्रथम त्रिभुज की संगत भुजाओं के $\frac{3}{4}$ हैं ।

47. चित्र में *AXB* तथा *CYD*, *O* केन्द्र वाले दो संकेन्द्री वृत्तों के चाप हैं । चाप *AXB* की लंबाई 11 सेमी है । यदि *OC* = 7 सेमी तथा $\angle AOB = 30°$ , तो छायांकित क्षेत्र का क्षेत्रफल ज्ञात करें । [ $\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए ]



**VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें :** **1 × 5 = 5**

48. ''दो समरूप त्रिभुजों के क्षेत्रफलों का अनुपात उसकी संगत भुजाओं के अनुपात के वर्ग के बराबर है ।'' सिद्ध करें ।